पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 266 | हल्द्वानी | शुक्रवार, 1 मई 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठ: 8

## 1100 कन्याओं का पूजन कर सीएम ने की प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

### डोल आश्रम में भव्य श्री पीठम स्थापना महोत्सवः उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने को राज्य सरकार कटिबद्धः धामी





**अल्मोड़ा।** (शिवेन्द्र गोस्वामी) जनपद के प्रसिद्ध डोल आश्रम में आयोजित श्री पीठम स्थापना महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1100 कन्याओं का विधिवत पूजन करते हुए मां राजराजेश्वरी श्री यंत्र की पूजा-अर्चना की और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थापित श्रीयंत्र एवं यहां संचालित विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक चेतना का भी प्रमुख स्थल बन चुका है, जहां दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार मानसखंड माला मिशन के तहत प्रदेश के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों को बेहतर अवस्थापना सुविधाओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन को नई गति मिल रही है। उन्होंने डोल आश्रम को भी इस दिशा में उभरते महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में बताया। इस अवसर पर पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने आश्रम की गतिविधियों की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक मोहन सिंह मेहरा,विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, जिला दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिलखवाल, गंगा बिष्ट, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, बिट्टू कर्नाटक, दिनेश कुंजवाल, तारा चन्द्र जोशी, रवि रौतेला , जिलाधिकारी अंशुल सिंह,एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, इधर हिमालयन देव स्थानम् कल्याणिका डोल आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मानसखंड मंदिर माला और केदारखंड माला योजनाओं के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को बेहतर सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता मिलेगी और पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। साथ ही प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आमजन को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री के इस दौरे को धार्मिक और विकासात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एक नजर

### फर्जी राशन कार्डों पर सख्तीःसत्यापन अभियान शुरू

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में राशन कार्डों के सत्यापन का विशेष अभियान पुनः प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य जनपद में बढ़ते फर्जी राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा गैस कनेक्शन से संबंधित अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। जनपदीय स्तर पर स्क्वॉड गठित कर राशन कार्डों एवं यूनिटों के सत्यापन का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। गठित टीमें क्षेत्रवार सत्यापन कर पात्र एवं अपात्र लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित करेंगी। जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने समस्त राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि वे सत्यापन कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ऐसे लाभार्थी जिनकी वर्तमान आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो चुकी है, वे स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (अन्त्योदय/प्राथमिक परिवार) एवं राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत प्राप्त राशन कार्ड को संबंधित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, विकासखंड कार्यालय अथवा जिला पूर्ति कार्यालय में जमा कर दें। यदि सत्यापन के दौरान कोई अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त सभी राशन कार्ड धारकों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने राशन कार्ड में दर्ज सभी यूनिटों/सदस्यों की ई-केवाईसी अपने निकटतम उचित दर विक्रेता की दुकान पर जाकर अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन लोग घायल, एक रेफर

**अल्मोड़ा।** धारानौला क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बरेली निवासी महेश सैनी, जो वर्तमान में अल्मोड़ा में रह रहे हैं, धारानौला स्थित एक बारात समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान कथित रूप से नशे की हालत में कार चला रहे चालक ने महेश सैनी समेत तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने महेश सैनी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हल्द्वानी रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो घायलों का उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल अल्मोड़ा के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने मामले में चालक के खिलाफ कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी है।

## पिंजरे में फंसा तेंदुआ, वन विभाग ने रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा



**हल्द्वानी।** रानीबाग क्षेत्र में आज सुबह एक तेंदुआ पिंजरे में फंसा हुआ मिला। तेंदुए के फंसे होने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित रूप से रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया। बीते कुछ दिनों से तेंदुआ लगातार आबादी के नजदीक दिखाई दे रहा था, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। सुबह जैसे ही तेंदुआ पिंजरे में फंसा, ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर निगरानी के लिए रानीबाग स्थित केंद्र में रखा गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ी हैं। दो दिन पूर्व भी भीमताल के ज्योली गांव में एक बाघ को ट्रैंकुलाइज कर सुरक्षित किया गया था, जबकि मोरा गांव में पिंजरे में फंसे एक अन्य तेंदुए को भी रेस्क्यू कर रानीबाग भेजा गया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर धर्मनगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

### देश-विदेश से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में लगाई डुबकी



**हरिद्वार।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर धर्मनगरी हरिद्वार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर की पौड़ी सहित प्रमुख गंगा घाटों पर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां गंगा में पवित्र स्नान कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हर-हर गंगे के जयघोष से पूरा घाट क्षेत्र गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है।भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है और शहर में ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आवागमन सुचारू बना रहे। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे गंगा स्नान के दौरान सावधानी बरतें और सुरक्षा नियमों का पालन करें। बुद्ध पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर हरिद्वार में आस्था, श्रद्धा और सुरक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## कुत्ते की ताक में आया तेंदुआ, बिल्ले को बना ले गया शिकार

### हल्द्वानी के कठघरिया क्षेत्र में दहशत, घरों तक पहुँच रहा जंगली खतरा



**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** न्यू सांई कॉलोनी, बजुनिया हल्दू क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। अब हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि तेंदुआ जंगल से निकलकर सीधे आबादी के बीच, घरों की चौखट तक पहुँचने लगा है। बीती रात लगभग 10 बजे स्थानीय निवासी राज सिंह धामी के घर के बाहर घात लगाए बैठे तेंदुए ने कुत्ते को निशाना बनाया। हालांकि, शोर-शराबा होने पर कुत्ते को बचा लिया गया, लेकिन पास में बैठा बिल्ला तेंदुए का शिकार बन गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बन गया। तेंदुआ इससे पहले भी शहर के अन्य इलाकों के कई बार घरों की रेलिंग, छतों और गलियों में देखा जा चुका है, लेकिन अब उसका इस तरह घर के बिल्कुल पास आना खतरे की घंटी है। आज सुबह घटना स्थल से करीब 300 मीटर दूर बिल्ले के बाल और अवशेष मिलने से घटना की पुष्टि हुई। यह इलाका घने जंगल से सटा हुआ है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर कोई ठोस इंतजाम नहीं हैं। न तो जंगल और बस्ती के बीच तारबाड़ की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त सोलर लाइट। अंधेरे का फायदा उठाकर जंगली जानवर आसानी से रिहायशी इलाकों में प्रवेश कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल सोलर लाइट लगाई जाए और जंगल से सटे इलाकों में मजबूत तारबाड़ की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इधर ग्राम प्रधान दिनेश चंद्र जोशी ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाएंगे, जिसमें सोलर लाइट की व्यवस्था शामिल है। फिलहाल, क्षेत्र में लोगों के बीच डर का माहौल है। बच्चे और बुजुर्ग घर से बाहर निकलने में हिचक रहे हैं। लगातार बढ़ती इन घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह खतरा और भी गंभीर रूप ले सकता है।

# सम्पादकीय

## उत्सव नहीं, आत्ममंथन का दिन

हर वर्ष 1 मई को मनाया जाने वाला केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि इसकी मूल भावना श्रमिकों के अधिकार, सम्मान और न्याय की स्थापना से जुड़ी हुई है। भारत जैसे विकासशील देश में, जहाँ आर्थिक प्रगति की नींव श्रमिक वर्ग के कंधों पर टिकी है, वहीं विडंबना यह है कि यही वर्ग आज भी सबसे अधिक उपेक्षित और शोषित है। देश की लगभग 90 प्रतिशत कार्यशील आबादी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है। ये वे लोग हैं जो निर्माण स्थलों पर ईंट ढोते हैं, खेतों में पसीना बहाते हैं, सड़कों पर ठेला लगाते हैं और शहरों की चमक-दमक को जीवित रखते हैं। लेकिन इनके हिस्से में न तो स्थायी रोजगार है, न सामाजिक सुरक्षा, और न ही सम्मानजनक जीवन। न्यूनतम वेतन कानूनों के बावजूद वास्तविकता यह है कि मजदूरों को अक्सर तय मानकों से कम मजदूरी दी जाती है। महिला श्रमिकों के साथ वेतन असमानता आज भी एक कठोर सच्चाई बनी हुई है।

कोविड-19 महामारी के दौरान सामने आया प्रवासी मजदूरों का संकट इस व्यवस्था की संवेदनहीनता का सबसे बड़ा प्रमाण था। हजारों किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर मजदूरों की तस्वीरें आज भी हमारी सामूहिक स्मृति में ताजा हैं। यह घटना केवल एक आपदा नहीं थी, बल्कि उस तंत्र की असफलता का आईना थी, जो अपने सबसे कमजोर नागरिकों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं कर सका। सरकार ने समय-समय पर श्रमिकों के हित में कई कानून बनाए हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन अब भी एक बड़ी चुनौती है। श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों को संगठित करना और उनके अधिकारों को मजबूत करना था, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका असर सीमित ही दिखाई देता है। निरीक्षण तंत्र की कमजोरी और जागरूकता की कमी ने इन कानूनों को कागजी बना दिया है। आज के बदलते आर्थिक परिदृश्य में नई चुनौतियाँ भी उभरकर सामने आ रही हैं। गिग इकॉनमी और ठेका आधारित रोजगार ने श्रमिकों की स्थिति को और अनिश्चित बना दिया है। तकनीकी विकास और ऑटोमेशन के कारण रोजगार के अवसरों पर भी खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि श्रमिकों को केवल श्रमशक्ति के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के सहभागी के रूप में देखा जाए। समाधान केवल नीतियों के निर्माण में नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन में निहित है। श्रमिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

साथ ही, कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। जब तक देश का मजदूर सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त नहीं होगा, तब तक प्रगति अधूरी ही रहेगी। अब समय आ गया है कि हम इस दिवस को केवल मनाएं नहीं, बल्कि इसके संदेश को अपने व्यवहार और नीतियों में उतारें।

# अवैध पैथोलॉजी लैब्स पर स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

### हुई बड़ी कार्रवाई, तीन लैब सीज,तीनों लैब पर लगाया 2.50 लाख का जुर्माना



**बागेश्वर**। महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणविभाग उत्तराखंड और जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा गुरुवार को जनपद में संचालित विभिन्न पैथोलॉजी लैब्स का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित मिश्रा ने जिले में नियम विरुद्ध जरूरी मानकों का पालन नही करने वाले लैब संचालको को मनमाने तरीके से लैब संचालित कर बिना पैथोलॉजिस्ट के लैब संचालित करने और मनमानी जांच रिपोर्ट तैयार कर मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को शीघ्र लैब संचालित करने हेतु नियमानुसार लैब का संचालन नही करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।वही एसीएमओ द्वारा पहली बार सख्त कार्रवाई से नियमविरुद्ध संचालित हो रहे लैब संचालको में ह?कंप मच गया है।जांच करते हुए उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मां भगवती लैब, शिवम पैथोलॉजी लैब तथा कालिका लैब में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन,शौचालय की उचित व्यवस्था नही होने, पैथोलॉजी लैब हेतु कागजों में दर्शायी जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों में लैब में आवश्यक संसाधन की कमी होने, फायर सेफ्टी, पॉल्यूशन एवं क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट से संबंधित आवश्यक पंजीकरण दस्तावेजों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही ब्लड जांच रिपोर्ट्स में पैथोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर न होने सहित अन्य नियमों के उल्लंघन पाए गए।उन्होंने सभी लैब संचालको को निश्चित समय से पहले ही मनमाने तरीके से रिपोर्ट बनाकर मरीजों को देने पर सख्त कार्रवाही करने की चेतावनी भी दी।स्वास्थ्य विभाग ने इन गंभीर कमियों को देखते हुए तीनों लैब्स पर क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत प्रत्येक पर 2.50 लाख का अर्थदंड लगाया तथा तत्काल प्रभाव से सीज करने की कार्रवाई की।वहीं, चन्दन डायग्नोस्टिक लैब के निरीक्षण में कुछ कमियां पाई गई है कमियों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जांच समिति में तहसीलदार ऋतु गोस्वामी, जिला क्षय रोग अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे।

# शिवनगर में दो मई को सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

**रुद्रपुर**। श्री खाटू श्याम सेवा समिति शिवनगर के तत्वावधान में आगामी दो मई को इंडियन पब्लिक स्कूल शिवनगर के प्रांगण में तृतीय भव्य %श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव% का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समिति के पदाधिकारियों ने सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य महोत्सव के आगाज से पूर्व एक मई को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी।



इस यात्रा का शुभारंभ फुटबॉल ग्राउंड ट्रांजिट कैंप से होगा, जो खाटू मंदिर गल्ला मंडी से होते हुए इंडियन पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान श्याम भक्त हाथों में पवित्र निशान और बाबा के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेंगे, जिससे पूरा क्षेत्र श्याममयी हो जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होने वाले संकीर्तन में ख्याति प्राप्त भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गायक संजू पागल, खुशबू राधा, नरेश सैनी और हिमांशु मारवाड़ी बाबा श्याम के चरणों में भजनों की पुष्प वर्षा करेंगे। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। पत्रकार वार्ता के दौरान संजीव गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता और विकास बंसल, राजेश रस्तोगी, अनुज गंगवार, यीशु पाठक, सुनील जालिम, सोनू, सुनील चुग,राकेश शर्मा, शिवांग पाठक सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पाटिया में किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति किया जागरूक

**अल्मोड़ा**। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से संतुलित उर्वरक उपयोग पर गहन अभियान के तहत ताकुला विकासखंड के पाटिया गांव में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों को मृदा

स्वास्थ्य संरक्षण और टिकाऊ खेती के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने की जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी में 21 किसानों ने प्रतिभाग किया, जिनमें छह महिलाएं और 15 पुरुष किसान शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग को रोकना और किसानों को वैज्ञानिक खाद प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। तकनीकी सत्र में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा कि संतुलित उर्वरक उपयोग खेती की लागत कम करने के साथ भूमि की उत्पादन क्षमता बनाए रखने में भी सहायक है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश चंद घासल ने बताया कि उर्वरकों के अनियंत्रित प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे उत्पादन में गिरावट और पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। वैज्ञानिकों ने किसानों को एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। इस दौरान नैनो यूरिया के उपयोग, स्थानीय संसाधनों के पुनर्चक्रण, दलहनी फसलों के समावेश और वर्मीकम्पोस्ट निर्माण की जानकारी दी गई। किसानों को गोबर की खाद को सुरक्षित तरीके से संरक्षित करने और फसल अवशेषों को जैविक खाद में बदलने के उपाय भी बताए गए। गोष्ठी में वन्यजीवों से फसलों को होने वाले नुकसान पर भी चर्चा हुई।

वैज्ञानिकों ने किसानों को हल्दी और अदरक जैसी नकदी फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे बंदरों से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। समापन सत्र में किसानों से मृदा स्वास्थ्य कार्ड की संस्तुतियों के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने संस्थान की ओर से सुझाई गई तकनीकों और सुरक्षित फसल विकल्पों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह कार्की और वर्षा कार्की भी मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादक: सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजुनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# बंग भवन निर्माण हेतु जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया को शीघ्र करने की मांग

### विधायक शिव अरोरा ने बंगाली समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ जिलाधिकारी से की मुलाकात



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने बंगाली समाज के प्रतिनिधिमंडल संग किच्छा रोड स्थित पुराने ट्रेजरी ऑफिस मे चयनित भूमि के शीघ्र अतिशीघ्र जमीन हस्तांतरण कर इसके निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने हेतु जिलाधिकारी से मुलाकात की। विधायक शिव अरोरा ने कहाँ 14 अगस्त 2023 को रुद्रपुर मे आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यह मांग उठाई गई थी की बंगाली संस्कृति व उनके त्याग समर्पण पर आधारित उधम सिंह नगर के जिला मुख्यालय रुद्रपुर में बंग भवन का निर्माण होनी चाहिए। जिसको प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकार कर उसे मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया गया था। और मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी विधायकों से मांगे गए 10- 10 मुख्य कार्यों में भी मेरे द्वारा बंग भवन निर्माण को लिखित रूप से दिया गया था, जिसको मूर्त रूप देने हेतु कुछ दिनों पूर्व किच्छा बायपास रोड पर प्रशासन की टीम के साथ पूर्व ट्रेजरी ऑफिस के स्थान को बंग भवन हेतु उपयुक्त व सभी की सहमति उसे स्थान पर बंग भवन निर्माण हेतु सहमति बनी है ।

जिसकी जमीन हस्तांतरण को लेकर विधायक शिव अरोरा ने बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी नितिन भदोरिया से उनके कार्यालय मे बंगाली प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की उनको लिखित पत्र देकर शीघ्र अति शीघ्र लैंड ट्रांसफर हेतु कहां,वहीं जिला अधिकारी ने भी इसमें भरोसा दिया कि वह जल्द से जल्द बंग भवन के निर्माण हेतु इसके लैंड ट्रांसफर की प्रक्रिया को पूर्ण किया जायेगा,साथ ही इसका प्रस्ताव शासन को बनाकर भेजा जाएगा जिससे जल्द से जल्द भवन निर्माण आरम्भ हो सके।

विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर जिला मुख्यालय में बंग भवन का निर्माण बंगाली संस्कृति कला उनके राष्ट्र के प्रति समर्पण देश के आजादी में उनके योगदान तराई के बसाने में उनकी भूमिका को ध्यान रखते हुऐ, बंगाली समाज के बंग भवन का निर्माण किया जाएगा इसमें बंगाली कला संस्कृति से लेकर उनके पूरे इतिहास का संग्रह किया जाएगा।विधायक शिव अरोड़ा बोले बंग भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होते ही समस्त बंगाली समाज में बहुत संतोष व हर्ष का विषय सभी के चेहरे पर एक सुकून भरी मुस्कान नजर आ रही है निश्चित रूप से बंग भवन का निर्माण आने वाले समय में जल्द से जल्द आरंभ होगा इसको लेकर हम पूर्ण रूप से आश्वासत हैं वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप रुद्रपुर में जल्द से जल्द बंग भवन का निर्माण जमीन हस्तांतरण के बाद आने वाले समय में किया जाएगा।

इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, बंगाली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाह पूर्व मंडी अध्यक्ष केके दास, समीर राय, शंकर चक्रवर्ती, गणेश सरकार, विशाल शील, पलव शील आदि लोग मौजूद रहें।

## पेंशनर्स ने उठाई चिकित्सा क्लेम सरलीकरण और पेंशनर्स भवन की मांग

**हल्द्वानी।** प्रदेश के पेंशनर्स ने सरकार से चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल क्लेम) की प्रक्रिया को सरल बनाने और हल्द्वानी में पेंशनर्स भवन के निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन प्रेषित कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। पेंशनर्स का कहना है कि सरकार द्वारा विभिन्न दावों के निस्तारण में सरलीकरण के प्रयास किए गए हैं, लेकिन एसजीएचएस के अंतर्गत चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया अब भी जटिल बनी हुई है। वर्तमान में सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशनर्स को अपने मेडिकल क्लेम विभागों के माध्यम से ही प्रस्तुत करने पड़ते हैं, जिससे भुगतान में अनावश्यक विलंब होता है और उन्हें कई कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। पेंशनर्स ने मांग की है कि पेंशन की तरह ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों का निस्तारण भी संबंधित ट्रेजरी के माध्यम से किया जाए। उनका कहना है कि इससे प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होगी तथा सरकार पर किसी अतिरिक्त वित्तीय भार का प्रभाव भी नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व व्यवस्था के अनुसार चिकित्सा बिलों पर निकटतम राजकीय अस्पताल के सीएमओ/सीएमएस से प्रतिहस्ताक्षर की सुविधा पुनः लागू करने की भी मांग की है। इसके अलावा, पेंशनर्स ने हल्द्वानी में पेंशनर्स भवन के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगभग 15 हजार लोग विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं, लेकिन उनके लिए कोई सामुदायिक भवन उपलब्ध नहीं है। पेंशनर्स का कहना है कि शहर में कई शासकीय भूमि एवं परिसंपत्तियां खाली पड़ी हैं, जिनका उपयोग इस उद्देश्य के लिए किया जा सकता है। पेंशनर्स संगठन के अध्यक्ष लीलाधर पाण्डे और महासचिव विजय तिवारी ने सरकार से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पेंशनर्स के हित में यह निर्णय अत्यंत आवश्यक है।

# थाना दिवस में प्रभारी कोतवाल ने सुनी समस्याएं

### लोगों से संवाद कर बेहतर कानून व्यवस्था हेतु मांगा सहयोग,क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था दिलाना है प्राथमिकता



**बागेश्वर,पर्वत प्रेरणा संवाददाता।** कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली में थाना दिवस का आयोजन कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गई। प्रभारी कोतवाल निर्मला पटवाल की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में दर्जनों लोगो ने प्रतिभाग किया। और अपनी समस्याओं को बताया।प्रभारी कोतवाल निर्मला पटवाल ने सभी लोगों से क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था लागू करने, अराजक तत्वों पर नकेल कसने, बाहरी लोगों को बिना सत्यापन के किराए में कमरा नही देने, राजस्व क्षेत्र से नियमित पुलिस व्यवस्था में शामिल हुए ग्रामीणों को बेहतर कानून व्यवस्था प्रदान करने, और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस द्वारा तत्काल सहायता मुहैया कराने, हेतु लोगों को जागरूक किया। थाना दिवस के दौरान प्रभारी कोतवाल ने उपस्थित लोगों से उनकी समस्याओं एवं शिकायतों के संबंध में जानकारी ली।

प्रभारी कोतवाल ने उपस्थित जनता को नये कानूनों के बारे में जानकारी दी। नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1933 और मानस पोर्टल की जानकारी दी। साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपना बैंक विवरण साझा न करें, धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचित करें। यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत सभी को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट का प्रयोग करने की सख्त हिदायत दी गई। कोतवाल नेगी ने सभी लोगों को वर्तमान में फायर सीजन को देखते हुए वनों को आग से बचाने में सहयोग करने और आग लगाने वाले अराजक तत्वों की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112 पर देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्राम प्रहरी, नगर क्षेत्र के गणमान्य लोग और कोतवाली में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## एसआईआर पर कोई लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: डीएम



**पिथौरागढ़।** जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए।

उन्होंने कहा कि यह कार्य अत्यंत संवेदनशील है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक प्रविष्टि का सूक्ष्म परीक्षण किया जाए तथा अपात्र नामों को हटाते हुए पात्र व्यक्तियों को सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने फील्ड स्तर पर अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और कार्य की प्रगति की दैनिक समीक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से वंचित न रह जाए। शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जीतेन्द्र वर्मा सहित सभी उपजिलाधिकारी (वीसी के माध्यम से) तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंगोत्री यात्रा मार्ग पर पुलिस का सराहनीय कार्य, घायल गाय का किया सफल रेस्क्यू

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री यात्रा मार्ग पर मानवता का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया, जब उत्तराखंड पुलिस के जवानों ने एक घायल गाय का सफल रेस्क्यू किया। गाय पहाड़ी से गिरकर सड़क किनारे नाली में फंस गई थी, जिससे वह घायल हो गई।चारधाम यात्रा ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल ममराज सिंह और कांस्टेबल विरेंद्र नेगी ने मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद से गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद तुरंत पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार कराया गया, जिससे उसकी हालत में सुधार हुआ। पुलिसकर्मियों ने गाय के कान में लगे टैग के जरिए उसकी पहचान की और थाने की सहायता से उसके मालिक को मौके पर बुलाया। बाद में गाय को सकुशल उसके स्वामी को सौंप दिया गया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ जीवों के प्रति करुणा और जिम्मेदारी की भावना को भी दर्शाया। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने इस पहल की खूब सराहना की।

## धामी ने खटीमा में सुनी जनसमस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**खटीमा ( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दौरान हेलीपैड लोहियाहेड पर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता के साथ समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर रुद्रपुर के मेयर, सभासदों सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक, वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

# पौड़ी में कांग्रेस का सरकार पर हमला -महिला आरक्षण

## विशेष सत्र को लेकर उठाए सवाल



**पौड़ी गढ़वाल,अंकित उनियाल।** में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर जनता के पैसे की बर्बादी की है। विनोद नेगी ने कहा कि सरकार को महिला आरक्षण कानून 2023 की भावना के अनुरूप 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में वर्तमान सीटों के 33 प्रतिशत पर महिलाओं को आरक्षण देने का प्रस्ताव पास कर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए था। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस आरक्षण को लागू करने के लिए केंद्र सरकार को संविधान संशोधन की जरूरत पड़े, तो उसे जल्द से जल्द लाया जाना चाहिए। कांग्रेस की ओर से विधानसभा के विशेष सत्र में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा 33त्न महिला आरक्षण लागू करने का संकल्प प्रस्तुत किया गया, लेकिन इसे विधानसभा अध्यक्ष ने अस्वीकार कर दिया। विनोद नेगी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं को वास्तविक आरक्षण देना नहीं चाहतीं, बल्कि कानूनी पेच फंसा कर इसे टालने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने ठोस प्रस्ताव भेजने के बजाय केवल निंदा प्रस्ताव पास किया, जिसका कोई विधायी महत्व नहीं है। उन्होंने महिला आरक्षण कानून के लागू होने में देरी पर भी सवाल उठाए और कहा कि सितंबर 2023 में पारित कानून की अधिसूचना तीन साल बाद 16 अप्रैल 2026 को जारी की गई, जो सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। प्रेस वार्ता में उन्होंने 16 अप्रैल 2026 को लोकसभा में पेश तीन विधेयकों का भी जिक्र किया, जिनमें सीटों में 50त्न बढ़ोतरी और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की बात कही गई थी। उनका दावा है कि इससे उत्तराखंड की हिस्सेदारी घट सकती थी और पर्वतीय क्षेत्रों की सीटें कम हो जातीं। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाएं घर और जंगल दोनों जगह सुरक्षित नहीं हैं और सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है।

अंत में विनोद नेगी ने चेतावनी दी कि यदि 2027 और 2029 के चुनावों में 33त्न महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व द्धस् सुंदर लाल मुयाल, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष श्रीकांत के साथ अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए अधिकारियों को निर्देश





**उत्तरकाशी।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। चारधाम यात्रा को देखते हुए जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर तत्परता से कार्य करने के निर्देश स ?क महकमें एवं पुलिस को दिए। जिलाधिकारी ने तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर लोडिंग वाहनों और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों के खिला ? भी चालानी कार्यवाही करने को कहा। इस हेतु नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित चारधाम यात्रा में यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन करवाना सुनिश्चित करें तथा उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही अमल में लाई जाय। साथ ही बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरतने को कहा।जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों के निर्देश दिए तथा संवेदनशील स्थलों के सुधारीकरण कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने वाले ग्रामीण सड़क मार्ग के जक्शनों का तकनीकी सुधारीकरण किया जाय ताकि मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन सुरक्षित रहे। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोनिवि विजय कुमार, सीएमओ डॉ.बीएस रावत,एआरटीओ सुरवर्णा नौटियाल,यातायात इंस्पेक्टर सुनील कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# परंपरा में सादगी, समाज के लिए नई दिशा.





उत्तराखंड के चकराता क्षेत्र के खारसी गांव में एक ही मंडप के नीचे छह शादियों का आयोजन केवल एक पारिवारिक उत्सव नहीं था, बल्कि यह समाज के लिए एक सशक्त संदेश भी था। ऐसे समय में जब कई स्थानों पर विवाह समारोह दिखावे, प्रतिस्पर्धा और अनावश्यक खर्च का माध्यम बनते जा रहे हैं, यह आयोजन सादगी, समझदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया। भारतीय समाज में विवाह को सदैव एक पवित्र संस्कार माना गया है। किन्तु समय के साथ यह अनेक परिवारों के लिए आर्थिक बोझ भी बनता गया है। सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए कर्ज लेकर भव्य आयोजन करना, अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करना और दूसरों से होड़ करना मध्यमवर्गीय तथा ग्रामीण परिवारों पर भारी दबाव डालता है। ऐसे में खारसी गांव के परिवार ने यह सिद्ध किया कि विवाह की गरिमा धन के प्रदर्शन में नहीं, बल्कि संस्कारों, प्रेम और पारिवारिक एकता में निहित है। एक ही स्थान पर सभी रस्मों का आयोजन, सामूहिक भोजन व्यवस्था और सादगीपूर्ण तैयारियों के माध्यम से इस परिवार ने न केवल लाखों रुपये की बचत की, बल्कि यह भी संदेश दिया कि परंपराओं को बिना फिजूलखर्ची के भी निभाया जा सकता है। बचाई गई राशि को बच्चों की शिक्षा और कृषि कार्यों में लगाने का निर्णय दूरदर्शिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जब संसाधनों का उपयोग भविष्य निर्माण में होता है, तब परिवार और समाज दोनों मजबूत बनते हैं। यह पहली बार नहीं है जब समाज ने ऐसे प्रेरक उदाहरण देखे हों। देश के विभिन्न हिस्सों में सामूहिक विवाह, दहेज-मुक्त विवाह, सादे समारोह और पर्यावरण हितैषी आयोजन समय-समय पर लोगों को प्रेरित करते रहे हैं। पिथौरागढ़ जनपद की एक मिसाल हैं, बेरीनाग तहसील के ग्राम खेती निवासी प्रेम प्रकाश उपाध्याय 'नेचुरल' ने वर्ष 2008 में अपने विवाह को सार्वजनिक वृक्षारोपण के माध्यम से यादगार बनाया था। इसी प्रकार अनेक जागरूक परिवार अनावश्यक आडंबर से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य,प्राकृतिक संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता को प्राथमिकता दे रहे हैं। ये प्रयास सिद्ध करते हैं कि वास्तविक सामाजिक परिवर्तन भाषणों से नहीं, बल्कि साहसिक कर्मों से आता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विवाह को आर्थिक प्रदर्शन का मंच न मानकर सांस्कृतिक और नैतिक उत्सव के रूप में देखा जाए। यदि नई पीढ़ी और अभिभावक मिलकर सादगी का सम्मान करना प्रारंभ करें, तो दहेज, कर्ज और सामाजिक दबाव जैसी अनेक समस्याएं धीरे-धीरे समाप्त हो सकती है। खारसी गांव की यह पहल केवल छह शादियों की कहानी नहीं है, बल्कि यह समाज को आईना दिखाने वाली घटना है। यह हमें याद दिलाती है कि खुशियां खर्च से नहीं, साथ रहने से बनती हैं; और परंपराएं दिखावे से नहीं, मूल्यों से जीवित रहती हैं।

# राइंका पोखठा का शानदार प्रदर्शन, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम से बढ़ाया मान

**पोखरी/चमोली।** विकासखंड पोखरी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पोखठा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 2 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर सफलता हासिल की। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में 21 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनमें 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी और 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए। विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर डबराल ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश नेगी, पूर्व प्रधान बलराम नेगी, पूर्व प्रधान पुष्पा देवी तथा पीटीए अध्यक्ष मनोज लाल सहित अनेक अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

# सांसद अजय भट्ट के जन्मदिवस पर बिन्दुखत्ता में लगेगा स्वास्थ्य शिविर



**लालकुआं/बिन्दुखत्ता।** क्षेत्रीय सांसद  के जन्मदिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिन्दुखत्ता में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्थानीय नागरिकों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर के दौरान आमजन के लिए सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी एवं शुगर जांच, टीकाकरण, टीबी स्पूटम जांच तथा एक्स-रे सुविधा (संभावित) उपलब्ध रहेगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए चिकित्सा टीम का गठन किया गया है। शिविर में महिला चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ. अजय दीक्षित, सीएचओ गीता देव एवं हर्षिता कबडवाल, एएनएम रेनू जोशी, पार्वती टम्टा, कमला कोरंगा, स्टाफ नर्स मोनिस व रजत तिवारी तथा फार्मासिस्ट राजेश जोशी अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से सहयोग करेंगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, शिविर में आवश्यक औषधियों की व्यवस्था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिन्दुखत्ता द्वारा की जाएगी। वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी को टीबी जांच हेतु एक्स-रे मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य शिविर के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह: सीएम धामी ने बुजुर्गों को बताया समाज की धरोहर



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह-2026 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते हुए कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव से समाज को सही दिशा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण रहता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों द्वारा वॉलीबॉल, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने की सराहना की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों ही वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं, जिनसे उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाया जा रहा है। राज्य में वृद्धावस्था पेंशन, वृद्धाश्रम निर्माण और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

# समळौण पौधारोपण से नवदम्पति ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता,**

**पौड़ी गढ़वाल।** जनपद के विकास खंड थलीसैंण की पट्टी कण्डारस्यूं स्थित ग्राम दरमोली में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। यहां रमेश सिंह और संजू देवी के पुत्र के विवाह के उपरांत नवदम्पति अंकित और सपना ने अपने आंगन में मौसमी का समळौण पौधा रोपकर विवाह समारोह को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए यादगार बना दिया।



इस अवसर पर दुल्हन सपना ने स्वयं इस पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी लेते हुए एक सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन गांव की समळौण सेना की नायिका सुरजी देवी द्वारा किया गया।

सुरजी देवी ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य का वनों से अटूट संबंध है। वन हमें पशुओं के लिए चारा, जलाऊ लकड़ी, फर्नीचर और मकान निर्माण जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। इनके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि समळौण एक अनूठी पहल है, जिसमें जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण संस्कार—जैसे जन्म, विवाह या अन्य शुभ अवसर—पर पौधारोपण किया जाता है। यह पहल अब एक भावनात्मक आंदोलन और सामाजिक परंपरा का रूप ले चुकी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे हर शुभ अवसर पर समळौण पौधारोपण को अपनाएं और वनों को आग से बचाने में सक्रिय सहयोग करें।इस अवसर पर ज्योति रावत, शाकम्बरी देवी, सुनीता देवी, शिवानी देवी सहित कई ग्रामीण एवं मेहमान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में परिवार द्वारा इस पुण्य कार्य हेतु समळौण सेना को रू500 की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# उत्तरकाशी में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता,**

**उत्तरकाशी।** केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की टीम ने जनपद उत्तरकाशी में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक निरीक्षण किया। टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत से मुलाकात कर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान आईडीएसपी-आईएचआईपी, आरबीएसके, सीबीएचआई एवं एनपीएनसीडी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्षिल, डुंडा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी का स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं, संसाधनों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण टीम ने स्वास्थ्य इकाइयों की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिए और सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए। पूरी रिपोर्ट केंद्र सरकार को प्रेषित की जाएगी।

## महंगाई पर सियासत तेज: गैस सिलेंडर की कीमतों में उछाल से आमजन पर बढ़ा बोझ

**किच्छा।** देश में बढ़ती महंगाई को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तराखंड के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका सीधा असर घरेलू रसोई, छोटे व्यापारियों और आम जनमानस पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में एक दिन में रू993 की बढ़ोतरी और बीते चार महीनों में ?1518 प्रति सिलेंडर तक वृद्धि ने बाजार में आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा दिए हैं। इससे आम लोगों की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

डॉ. उपाध्याय ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि नरेंद्र मोदी इस स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती स्थिति आर्थिक चुनौतियों की ओर संकेत कर रही है। उन्होंने



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भारत ने वैश्विक स्तर पर आर्थिक स्थिरता का परिचय दिया था और देश को उनके अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह समय सत्ता के अधिकारों की बात करने का नहीं, बल्कि देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान परिस्थितियों में सरकार जनता का विश्वास बनाए रखने में चुनौती का सामना कर रही है।

## मजदूर दिवस: वो हाथ जो दुनिया को चलाते हैं




हर शहर की चमक, हर इमारत की ऊँचाई और हर सड़क की मजबूती के पीछे कुछ ऐसे हाथ होते हैं, जिनका नाम अक्सर कहीं लिखा नहीं होता ये हाथ होते हैं मजदूरों के। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों का दिन है जो मेहनत, संघर्ष और उम्मीद से बनी होती हैं। सुबह जब हम अपने दिन की शुरुआत करते हैं, उससे पहले ही एक मजदूर अपना दिन शुरू कर चुका होता है। धूप, धूल, पसीना ये सब उसके लिए मुश्किल नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की सच्चाई हैं। वह सिर्फ काम नहीं करता, बल्कि हमारे सपनों को आकार देता है किसी का घर, किसी का ऑफिस, किसी का शहर। मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मेहनत सिर्फ शरीर से नहीं, बल्कि हौसले से भी होती है। एक मजदूर अपने परिवार के लिए, अपने बच्चों के भविष्य के लिए हर दिन खुद को मजबूत बनाता है। उसके पास शायद बड़ी डिग्रियां न हों, लेकिन जिंदगी की सबसे बड़ी सीखहार ना माननावह हर दिन जीता है। आज जब हम इस दिन को मनाते हैं, तो यह जरूरी है कि हम सिर्फ भाषण और पोस्ट तक सीमित न रहें। असली सम्मान तब होगा जब हम मजदूरों के साथ इंसानियत से पेश आएं, उनके अधिकारों का ख्याल रखें और उनकी मेहनत की कद्र करें।

निशिका रौतेला

## व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि पर कांग्रेस का विरोध, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

**अल्मोड़ा।** व्यावसायिक गैस सिलिंडरों के दामों में भारी वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने अल्मोड़ा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश जताया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि व्यावसायिक गैस सिलिंडर के दामों में करीब 993 रुपये की वृद्धि ने महंगाई को और बढ़ा दिया है, जिसका सीधा असर छोटे व्यापारियों, होटल संचालकों और आम जनता पर पड़ रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है और वह केवल राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उनके अनुसार, पहले से ही बेरोजगारी और महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह निर्णय आग में घी डालने जैसा है। प्रदर्शन के दौरान महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट सिर पर गैस सिलिंडर रखकर विरोध स्थल पर पहुंचीं, जो प्रदर्शन का प्रमुख आकर्षण रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गैस कीमतों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई। विरोध प्रदर्शन में कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें अरविंद रौतेला, विनोद वैष्णव, विक्रम फर्त्याल, दीप डांगी, सुशील साह, भैरव गोस्वामी, गोविंद बाल्टयाल, नारायण दत्त पांडे, वीके पांडे, शरद साह, दीपा साह, निर्मल रावत, दिनेश पिलखवाल, मुकेश कुमार, विकास कुमार, वैभव पांडे, गोपाल भट्ट, इसरार अहमद और रवींद्र कुमार टम्टा सहित अन्य शामिल थे। व्यावसायिक गैस सिलिंडर के दामों में हुई इस बड़ी वृद्धि ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। कांग्रेस ने जहां इसे आम जनता और व्यापारियों पर बोझ बताया है, वहीं अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाती है।

## राजकीय विधि महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**गोपेश्वर/चमोली।** देवभूमि उद्यमिता विकास संस्थान, उत्तराखंड की ओर से राजकीय विधि महाविद्यालय गोपेश्वर में एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक और प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में शासन की ओर से प्रोजेक्ट अधिकारी श्री विनोद नेगी ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी दी तथा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को स्वरोजगार के अवसरों और संभावनाओं से अवगत कराया। यह सत्र लगभग चार घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर गठित देवभूमि उद्यमिता योजना समिति के नोडल अधिकारी डॉ. विपिन चंद्र नौटियाल, डॉ. अंजू रानी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विपिन चंद्र नौटियाल द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय स्वयं उद्यम स्थापित कर रोजगार सृजक बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

## टांडा जंगल में टस्कर हाथी का आतंक:72 घंटे में तीसरी मौत, महिला को पटककर मार डाला



**लालकुआं (नैनीताल)।** टांडा वन क्षेत्र में एक दांत वाले टस्कर हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 72 घंटों के भीतर तीसरी दर्दनाक घटना में आज एक 60 वर्षीय महिला की हाथी ने पटक-पटक कर हत्या कर दी। लगातार हो रही घटनाओं से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाह पठानी गांव से पंतनगर की ओर जाने वाले जंगल मार्ग में तीन महिलाएं लकड़ी बीनने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक आक्रामक टस्कर हाथी वहां पहुंच गया और महिलाओं की ओर दौड़ पड़ा। घबराई महिलाएं जान बचाने के लिए जंगल की ओर भागीं, लेकिन हाथी ने 60 वर्षीय मैना देवी, पत्नी स्वर्गीय बाबूलाल, निवासी झा कॉलोनी पंतनगर, का पीछा कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाथी ने महिला को सूंड से उठाकर पटक दिया और फिर पैरों से कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ गई अन्य महिलाएं किसी तरह जान बचाकर कॉलोनी पहुंचीं और ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मृत्यु हो चुकी थी और हाथी जंगल की ओर लौट चुका था। मृतका अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे सहित परिवार छोड़ गई हैं। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व इसी हाथी ने सांप पठानी क्षेत्र में खेत में सो रहे दो लोगों को कुचलकर मार डाला था। इनमें से एक मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ रहे हैं। घटना की सूचना पर लालकुआं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा तथा टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम पुलिस और वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लगातार हो रहे हमलों से क्षेत्र के लोगों में गहरी दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए हाथी को क्षेत्र से हटाने या नियंत्रित करने की मांग उठाई है।

# पलायन रोकथाम योजना के तहत 78 गांवों में बढ़ाए जा रहे रोजगार के अवसर

**अल्मोड़ा।** जनपद में मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना के तहत पलायन प्रभावित गांवों में आजीविका सृजन और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से योजना की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। परियोजना निदेशक डीआरडीए के एन तिवारी ने बताया कि वर्ष 2020-21 से संचालित योजना के अंतर्गत राज्य पलायन निवारण आयोग ने जिले के आठ विकासखंडों के 78 राजस्व ग्रामों को चिन्हित किया है।

इन गांवों में विशेष विकास कार्य कराए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर पलायन की प्रवृत्ति को कम करना है। उन्होंने बताया कि स्थानीय संसाधनों पर आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पॉलीहाउस और मशरूम उत्पादन, बकरी और मुर्गी पालन, डेयरी विकास, आजीविका केंद्र स्थापना, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, सौर लाइट, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, खेल मैदान निर्माण, पुस्तकालय स्थापना, ईको पार्क, जैविक खेती, सब्जी क्लस्टर विकास और जड़ी-बूटी संवर्धन जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

इसके अलावा विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से पलायन रोकने में मदद मिल रही है।

उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों की 19 योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर कीमत बढ़ने पर व्यापारियों में रोष

**अल्मोड़ा।** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में एकमुश्त 993 की भारी बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। इस वृद्धि के बाद सिलेंडर की कीमत 3000 के पार पहुंच गई है, जो होटल, रेस्टोरेंट संचालकों और छोटे व्यापारियों के लिए असहनीय साबित हो रही है।

अल्मोड़ा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील साह और जिला महामंत्री भैरव गोस्वामी ने संयुक्त बयान में कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण पहले ही छोटे व्यापारियों की स्थिति कमजोर हो चुकी है और अब इस तरह की बढ़ोतरी उनकी कमर तोड़ने का काम कर रही है। स्मार्ट मीटर इसका जीता जागता उदाहरण है जिससे पूरे प्रदेश की जनता बढ़ते बिलों के कारण परेशान है उस पर ये मार, उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अल्मोड़ा जैसे इलाकों में परिवहन लागत अधिक होने और संसाधनों की सीमित उपलब्धता के कारण व्यापार करना पहले से ही कठिन है। ऐसे में गैस की कीमतों में इतनी बड़ी वृद्धि स्थानीय व्यवसायों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि बढ़ती लागत के चलते व्यवसायियों को अपने उत्पादों और सेवाओं की कीमतें बढ़ानी पड़ेंगी, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मूल्य वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए और कमर्शियल गैस सिलेंडरों पर सब्सिडी दी जाए, ताकि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को राहत मिल सके। अन्यथा, व्यापार मंडल अपनी सभी इकाइयों के साथ धरना और आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# कूर्मांचल एकेडमी का आईसीएसई बोर्ड का इंटरमीडिएट हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**अल्मोड़ा।** आईसीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट और हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। नगर में आईसीएसई पाठ्यक्रम का एकमात्र स्कूल कूर्मांचल एकेडमी है। यहां दसवीं में गोकुल मंडोला और मान्यता भोज ने 96.2 फीसदी अंकों के साथ, इंटरमीडिएट में 97.25 प्रतिशत अंकों के साथ अनुष्का बिष्ट ने टॉप किया। आईसीएसई 10 वीं की परीक्षा में 70 विद्यार्थी शामिल थे। सभी ने ऑनर्स के साथ प्रथम श्रेणी परीक्षा पास की। गोकुल मंडोला और मान्यता भोज 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, शुभम जोशी, अर्पिता वर्मा, दिनास शाहिद खान 95.4 फीसदी के साथ दूसरे और मानस टम्टा 95.2 अंक पाकर स्कूल में तीसरे स्थान पर रहे। अक्षिता पांडे ने 95, अभिज्ञान जोशी ने 94.4, प्रतिशत, श्रेया भट्ट, राघवेंद्र सिंह जनोटी ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल किए इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल सभी 51 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में सम्मानजनक अंक लेकर पास हुए। विज्ञान संकाय में अनुष्का बिष्ट 97.25 प्रतिशत, आयुष टम्टा 94.5 प्रतिशत और अना बख्श 94 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल के टापर रहे।अक्षत कुमार को 93 प्रतिशत आदित्य रावत को 92.75 प्रतिशत, वैभवी करायत को 91.75 प्रतिशत, हार्दिक पांडे को 91.5 प्रतिशत, अंक मिले हैं। रिजल्ट घोषित होते ही विद्यार्थी स्कूल पहुंचे और सफलता पर खुशी जताई। अकादमी के हेड मास्टर के के पंत और प्रबंधक मोहित बिष्ट ने मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताई। इस मौके पर शिक्षक कमलेश जोशी, महेश जोशी, पदमा बिष्ट, मधुलिका स्टीफन, मीनाक्षी पांडे, जगदीश

# मायावती आश्रम का सेवा संकल्प:6 मई से निशुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला

### हृदय रोग, सर्जरी और ईएनटी तक मुफ्त इलाज, रोगियों के लिए बस सेवा भी शुरू

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती का धर्मार्थ चिकित्सालय एक बार फिर मानव सेवा की मिसाल पेश करने जा रहा है। यहां तीसरे चरण में निशुल्क चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला 6 मई से शुरू होगी, जिसमें देश के नामी अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। चिकित्सालय प्रशासन द्वारा मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोहाघाट से चिकित्सालय तक आने-जाने के लिए निशुल्क बस सेवा भी शुरू की है। यह बस प्रतिदिन सुबह 10 बजे रोडवेज स्टेशन से मरीजों को लेकर आश्रम पहुंचेगी, जिससे दूर-दराज के जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी।



# राजकीय महाविद्यालय जैंती के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट

**अल्मोड़ा।** श्री राम सिंह धौनी राजकीय महाविद्यालय जैंती में आयोजित अभिव्यंजना वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस समारोह में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय और छात्रसंघ के सहयोग से किया गया। समारोह में कुलपति प्रो. बिष्ट ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए शोध, शैक्षिक गतिविधियों और रचनात्मक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ नवाचार और सृजनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संतोष कुमार ने कुलपति का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी।

# डॉ. अशोक पंत को मिला शिक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिक जन पुरस्कार



**पिथौरागढ़।** पूर्व प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार पंत को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज के ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में शिक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिक जन पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनके शिक्षा एवं समाज सेवा के कार्यों के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिह्न भेंट किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. अशोक कुमार पंत ने प्रधानाचार्य के रूप में उल्लेखनीय कार्य किया और शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के उपरान्त यहाँ के युवाओं के पलायन को रोकने तथा उन्हें रोजगारपरक व्यावसायिक तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्होंने मानस कॉलेज की स्थापना की। जिससे सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ से उच्च शिक्षा के लिए महानगरों को हो रहा पलायन तो रुका ही साथ ही साथ आस पास के जिलों की जनता को भी इसका विशेष लाभ प्राप्त हुआ। अपनी दुदबोली एवं परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी डॉ. अशोक पंत की सतत सहभागिता रहती है। इस अवसर पर डॉ. पंत ने अपनी स्वरचित पुस्तकें तथा सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की पुस्तक स्मारिका अनुभव भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेंट की। डॉ. पंत की इस उपलब्धि पर जनपद के प्रबुद्ध वर्ग, गणमान्यजनों, अभिभावकों और जनता ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी ने कहा कि यह सभी सीनियर सिटीजनों के लिए सम्मान की बात है। पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. किशोर कुमार पंत ने इसे जनपद के सभी शिक्षकों का सम्मान बताते हुए डॉ. पंत को बधाई दी है। मानस एकेडमी एवं मानस कालेज में डॉ. पंत को सम्मान मिलने पर हर्ष का माहौल है। एकेडमी की निदेशक मीनू भट्ट ने डॉ. पंत के सम्मान को प्रदेश सरकार द्वारा हर शिक्षक का सम्मान बताते हुए बधाई दी है। डॉ. अशोक कुमार पंत को डॉ. नीलाम्बर पुनेठा, प्रो. नरेन्द्र सिंह भण्डारी, डॉ. दयाकृष्ण पाण्डे, दयानन्द भट्ट, के एस भाटिया, गिरधर सिंह बिष्ट, बसंत भट्ट, पीआर लोहिया, डॉ. आनंदी जोशी, भाष्करानन्द जोशी, गोविन्द उपाध्याय, सन्तोष लाल शाह, भाष्कर कर्नाटक, प्रमोद पाण्डे, डॉ. नीरज चंद्र जोशी, जीवन सिंह धामी, योगेश भट्ट समेत शहर के लोगों ने बधाई दी है। सम्मान समारोह के अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, खजान दास, सरिता आर्या, रामानन्द गौड़, नवीन शर्मा, गजराज बिष्ट, दीपा दरम्वाल, शांति वर्मा समेत अनेक गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# बारिश से नदी मे तब्दील हुआ एनएच पाटन पुल क्षेत्र में दुकानों में घुसा पानी




**लोहाघाट ।** गत दिवस हुई मूसलाधार बारिश से लोहाघाट के पाटन पुल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग नदी में तब्दील हो गया। जिस कारण लोगों की दुकानों में पानी घुस गया। सड़क में पानी के साथ-साथ गंदगी बहते हुए पूरे सड़क में फैल गई यहां तक की लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। जिस कारण लोगों ने एनएच की कार्य प्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई है। क्षेत्र के मोहन चंद्र पाटनी व अन्य ग्रामीणों ने कहा पिछले कई वर्षों से पाटन पुल क्षेत्र निवासी सड़क में जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। कहा बारिश होते ही यहां पर सड़क नदी में तब्दील हो जाती है और सड़क में बहता बारिश का पानी व गंदगी लोगों के घरों में घुसकर पूर्व में कई नुकसान पहुंच चुकी है। पाटनी ने बताया कई संघर्ष के बाद एनएच के द्वारा जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए कलमठ निर्माण का कार्य शुरू किया गया था पर एनएच के अधिकारियों की ढीली ढाली कार्य प्रणाली के चलते निर्माण कार्य महीनों से लटका पड़ा है। जिस कारण आज हुई मूसलाधार बारिश से बारिश का पानी व गंदगी सड़क से बहते हुए लोगों की दुकानों में घुस गई। जिस कारण राहगीरों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया। मामले में एनएच के अधिकारियों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताते हुए मोहन चंद्र पाटनी व क्षेत्र वासियों ने बरसात से पहले जल्द कलमठ निर्माण करने की मांग की है ।कहा अगर जल्द कलमठ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन को बाध्य होंगे। और जल भराव से होने वाले नुकसान का पूरा जिम्मेदार विभाग होगा।

# खेतीखान आईटीआई का नाम शहीद लांस नायक रेवाधर के नाम पर रखने की घोषणा




**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के वीर सपूतों के सम्मान में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जनपद चंपावत के खेतीखान स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का नाम बदलकर अब शहीद लांस नायक रेवाधर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करने की आधिकारिक घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड के उन जांबाज सैनिकों की स्मृति को जीवंत रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मुख्यमंत्री धामी ने इस निर्णय के माध्यम से शहीद लांस नायक रेवाधर की वीरता और देश सेवा को नमन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों के नाम शहीदों के नाम पर रखे जाने से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी और उनमें राष्ट्रवाद एवं सेवा की भावना और अधिक प्रबल होगी। यह कदम राज्य सरकार की उस नीति का हिस्सा है जिसके तहत उत्तराखंड के सैन्य धाम की अवधारणा को धरातल पर उतारा जा रहा है और प्रत्येक शहीद परिवार को उचित सम्मान दिया जा रहा है।इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को नाम परिवर्तन की आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र की जनता और शहीद के परिजनों ने मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# पुस्तकालय पहुंचे आयोग अध्यक्ष, छात्रों को दिए सफलता के मंत्र




**टनकपुर।** गणेश सिंह मर्तोलिया, अध्यक्ष उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने टनकपुर स्थित सिटीजन पुस्तकालय का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारण, निरंतर अभ्यास और अनुशासन का महत्व समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मर्तोलिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहिताश अग्रवाल एवं अनिल चौधरी (पिंकी) ने की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रबंधन समिति से संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में मर्तोलिया ने कहा कि सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर मेहनत जरूरी है। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बड़ा लक्ष्य तय करने वाले ही बड़ी सफलता हासिल करते हैं। इस मौके पर उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों से हो रहे पलायन पर चिंता जताते हुए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम अध्यक्ष रोहिताश अग्रवाल ने भी छात्रों से मर्तोलिया के अनुभवों से सीख लेने की अपील की। मीडिया से बातचीत में मर्तोलिया ने कहा कि पुस्तकालय युवाओं में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने का सशक्त माध्यम है और सिटीजन पुस्तकालय समिति का प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन अमित जोशी ने किया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत, उप निरीक्षक कमल सिंह रावत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिसराड़ी में मूसलाधार बारिश से बादल फटने जैसे हालात तीन वाहन दबे

## आफत बन बरसी बारिश बर्दाखान क्षेत्र में भारी नुकसान लोगों के घरों में घुसा मलवा





**बाराकोट।** मूसलाधार बारिश ने बाराकोट ब्लॉक में भारी तबाही मचाई है। जहां आली बिसराड़ी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से बादल फटने जैसे हालात पैदा हो गए थे। मूसलाधार बारिश से तीन से चार वाहन मलवे की चपेट में आगे थे और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा था तथा लोगों के घरों में मलवा घुस गया था। तो वही तबाही की बारिश ने ब्लाक के नदेड़ा ,भनार व पठल्ती गांव मे भी काफी नुकसान पहुंचा नदेड़ा ग्राम प्रधान किरन जोशी ने बताया कल 30 अप्रैल की शाम को नदेडा वरदाखान गांव में हुई अत्यधिक बारिश के कारण कुछ घरों में मलवा एवं बरसात का पानी घुस गया जिससे एक जनहानि होने से बच गई । ग्राम प्रधान ने बताया बारिश से उमेश चंद्र जोशी ,चंद्रशेखर जोशी ,शंकर जोशी ,राजीव जोशी नवीन जोशी आदि के घरों में पानी व मलबा घुस गया। जिस कारण ग्रामीण जान बचाने के लिए घरों से बाहर निकले । कहा सड़क से लगे हुए मकानों को खतरा बना हुआ है तथा गांव में डर का माहौल है। ग्राम प्रधान किरन जोशी ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा अति शीघ्र मामले का संज्ञान लेकर आने वाले मानसून सत्र में लोगों की सुरक्षा हेतु उचित उपाय किए जाए। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज जोशी ने बताया भंवर क्षेत्र में भी बारिश ने काफी नुकसान किया है उन्होंने बताया बारिश से निर्माण कार्य के लिए रखा हुआ उनका एक टिप्पर रेता बह गया तथा क्षेत्र में फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने शासन प्रशासन से क्षेत्र का मुवायना कर ग्रामीणों को बारिश से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

उन्होंने कहा बरसो बाद उन्होंने ऐसी तबाही की बारिश देखी बारिश से लोग दहशत में आ गए। उन्होंने बताया क्षेत्र की सड़कों में मलवा आ गया कहा भनार सड़क में भी एक वाहन फंस गया समय पर जेसीबी न पहुंचने से ग्रामीणों ने किसी तरह वाहन को मलवे से सुरक्षित बाहर निकाला । नुकसान का जायजा लेने प्रशासन की टीम मौके पर। लोहाघाट। एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर ने बताया कल बर्दाखान क्षेत्र में बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए

राजस्व, कृषि व उद्यान विभाग की टीमो को क्षेत्र में भेजा गया है। आज व कल टीमें फसलों व अन्य नुकसान का जायजा लेंगी ऐसे हमने बताया जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मुआवजा वितरण की कार्रवाई की जाएगी। एसडीम ने बताया क्षेत्र की बंद पड़ी सभी सड़कों को खुलवा दिया गया है।

## दो ट्रकों की आपस में टक्कर, तीन गंभीर घायल

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**सितारगंज।** पीलीभीत हाईवे पर दो ट्रकों की आपस में हुई भीषण टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात करीब दो बजे की है, दो ट्रक अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के परखच्चे उड़ गये। हादसे में मझोला (पीलीभीत) निवासी शमशुल हसन (42), सूरज (22) और सुनील कुमार (26) ट्रकों के केबिन में फंस गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दुर्घटना के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाकर बहाल कराया।

## अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**सितारगंज।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सिडकुल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगत सिंह शाही अपनी टीम के साथ सिडकुल 90 एकड़ रोड पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान शिव मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा एक मोटरसाइकिल (यूके06-बीबी-0650) बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान शिवा हालदार (25 वर्ष) निवासी शक्तिफार्म, सितारगंज के रूप में हुई है। इस संबंध में कोतवाली सितारगंज आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऑपरेशन प्रहार के तहत क्षेत्र में अवैध असलाह, शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## कार अस्थाई डिवाइडर से टकराई, हाईवे पर लगा जाम

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**सितारगंज।** गैस एजेंसी के पास हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान लागू वनवे व्यवस्था के बीच एक कार अस्थायी डिवाइडर से टकरा गई, जिससे मौके पर लंबा जाम लग गया और यातायात प्रभावित रहा। कार चालक के अनुसार सामने से आ रही गाड़ी की तेज रोशनी चालक की आंखों पर पड़ने के कारण उसे डिवाइडर दिखाई नहीं दिया और कार सीधे उससे जा भिड़ी। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात को सुचारु कराया। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि निर्माण कार्य वाले क्षेत्रों और वनवे व्यवस्था के दौरान विशेष सावधानी बरतें।

## स्कूल गई किशोरी लापता परिवार में मचा हड़कंप

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** नगर क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्रा 28 अप्रैल को स्कूल के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार, काफी देर इंतजार के बाद जब वह घर नहीं पहुंची तो चिंता बढ़ गई। इसके बाद परिवार ने सहेलियों, सहपाठियों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम द्वारा स्कूल मार्ग के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और किशोरी की सहेलियों से पूछताछ की जा रही है।

## नाबालिग की शादी रोकी

**अल्मोड़ा-** लमगड़ा ब्लाक के एक गांव में नाबालिग किशोरी की शादी तय होने की सूचना तेजी से फैल गई। बताया जा रहा है कि गांव में एक किशोरी की शादी आगामी पांच मई को तय की गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही आला अधिकारी हरकत में आ गए। टीम ने बुधवार को गांव पर पहुंचकर ग्राम प्रधान, स्वजन और ग्रामीणों से वार्ता की। इस दौरान अधिकारियों ने बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। प्रशासन की सख्ती के बाद स्वजन शादी रोकने के लिए तैयार हो गए। अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग की शादी कराना कानूनन अपराध है और ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद ने बताया कि गांव पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली गई। दस्तावेजों में किशोरी की उम्र 18 साल से कम है। शादी रोकने के लिए स्वजन सहमत हो गए हैं, बताया कि बाल कल्याण समिति की टीम भी गांव पहुंची थी।

# खेलों में पिथौरागढ़ पुलिस का शानदार प्रदर्शन

**पिथौरागढ़।** सेपक टाकरा एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एसपी पिथौरागढ़ ने सम्मानित किया गया। 24वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस वालीबॉल क्लस्टर (वॉलीबॉल/सेपक टाकरा) प्रतियोगिता-2026 का आयोजन विगत 9 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रिजर्व पुलिस लाइन रोशनाबाद, जनपद हरिद्वार में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में जनपद पिथौरागढ़ पुलिस टीम ने अपर उपनिरीक्षक गुरमुख सिंह के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेपक टाकरा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। हेड कांस्टेबल खीम सिंह, कांस्टेबल हेमंत पटवाल, कांस्टेबल दिनेश राजन, कांस्टेबल नवल किशोर, कांस्टेबल रोहित बोहरा ने प्रतिभाग किया। इसी क्रम में तीसरी प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस वेटलिफ्टिंग क्लस्टर (वेटलिफ्टिंग/पावरलिफ्टिंग) प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 17 अप्रैल से 19 तक आईआरबी प्रथम बेलपड़ाव, रामनगर जनपद नैनीताल में आयोजित किया गया। पिथौरागढ़ पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अपर उपनिरीक्षक गुरमुख सिंह ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, हेड कांस्टेबल मनोज मेहरा ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक, कांस्टेबल नवल किशोर ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल, कांस्टेबल रोहित बोहरा ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। पुलिस लाइन पिथौरागढ़ में पुलिस



अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। एसपी ने कहा कि पुलिस कर्मी कानून व्यवस्था के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं, जो सभी पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणादायी है।

# आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा हुई शुरू

**पिथौरागढ़।** धारचूला से आज आदि कैलाश यात्रा 2026 का भव्य रूप से शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी धारचूला आशीष जोशी द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा दल को विधिवत रवाना किया गया। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं ने बताया कि 28 अप्रैल से यात्रा हेतु इनर लाइन परमिट जारी किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व मौसम की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उच्च हिमालयी क्षेत्र (हाई एल्टीट्यूड) को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यात्रियों को यथासंभव 4x4 वाहनों का उपयोग करने की सलाह दी है। प्रशासन के अनुसार यात्रा मार्ग पूर्ण रूप से सुचारू है। सड़क मार्ग खोल दिया गया है। सीमा सड़क संगठन को मार्गों के रख-रखाव एवं सुचारू संचालन हेतु सक्रिय कर दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर प्रशासनिक



अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सभी संबंधित विभाग एवं एजेंसियाँ अलर्ट मोड में कार्य कर रही हैं तथा यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली गई हैं। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा पर प्रस्थान से पूर्व अपना इनर लाईन परमिट, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं मौसम से जुड़े दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। जनपद प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि सभी के सहयोग से यह यात्रा सुरक्षित, सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न होगी। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी धारचूला आशीष जोशी ने जानकारी दी कि अब तक पोर्टल पर लगभग 160 श्रद्धालुओं द्वारा आवेदन किया जा चुका है, जिनमें से 70 से 80 श्रद्धालुओं को इनर लाइन परमिट (पास) जारी किए जा चुके है और यह प्रक्रिया जारी है।

# बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति पर महापौर ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**रुद्रपुर/खटीमा।** शहर अब एक भव्य और आधुनिक कलेवर में नजर आने को तैयार है। शहर की कायाकल्प से जुड़ी कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। महापौर विकास शर्मा ने खटीमा पहुंचकर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया और एक विशाल पुष्प माला अर्पित कर समस्त रुद्रपुर वासियों की ओर से उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। शिष्टाचार भेंट के दौरान महापौर ने सीएम के साथ शहर के वर्तमान विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी गहन विमर्श किया गया। महापौर विकास शर्मा ने लगातार जनहित के मुद्दों और शहर की बुनियादी समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा था। मुख्यमंत्री ने भी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इन मांगों को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया, जिसके परिणामस्वरुप अब धरातल पर निर्माण की कवायद



तेज हो गई है। इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन न केवल रुद्रपुर के बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि शहर की आध्यात्मिक और सामाजिक पहचान को भी एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। विशेष रूप से गंगापुर रोड पर बनने वाला भव्य शिव कॉरिडोर शहर के सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाएगा, तो वहीं अटरिया चौक से इंदिरा कॉलोनी तक मिनी बाईपास का निर्माण यातायात की जटिल समस्याओं का स्थाई समाधान बनेगा। सड़कों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में भूरारानी रोड और गंगापुर रोड का चौड़ीकरण मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही, सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण मित्रों के लिए आवास योजना, नगर निगम का अत्याधुनिक हाईटैक भवन और भंग भवन जैसी परियोजनाओं पर भी मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महापौर को पूर्ण आश्वस्त किया है कि रुद्रपुर के सर्वांगीण विकास के लिए बजट और संसाधनों की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम की ओर से आने वाले आगामी प्रस्तावों पर भी सरकार सहानुभूति पूर्वक और त्वरित निर्णय लेगी।

## बाराकोट टैक्सी स्टैंड में पालिका का बंद नाला व एनएच के गड्ढे बने मुसीबत लोगों का पैदल चलना हुआ दूभर



**लोहाघाट।** लोहाघाट नगर में हुई मूसलाधार बारिश से लोहाघाट के बाराकोट टैक्सी स्टैंड के पास पालिका का बंद पड़ा नाला टैक्सी चालकों के लिए मुसीबत बन गया। नाला बंद होने से बरसात का पानी बोट हाउस सड़क से बहता हुआ बाराकोट टैक्सी स्टैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग में बने गड्ढे में जमा हो गया । सड़क में हुए जल भराव से टैक्सी चालकों व यात्रियों को काफी मुसीबतो का सामना करना पड़ा। आज शुक्रवार को भी नाले के गंदे पानी के सड़क के जमा होने के चलते पैदल यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों के चलने से उड़ने वाले गंदे पानी के छीटे राहगीरों को भिगो रहे हैं। जल भराव के चलते लोगों का पैदल चलना दूभर हो रहा है मामले में आम जनता ने गहरी नाराजगी जताई है। टैक्सी चालक उमेश कालाकोटी ,रोशन कुमार आदि ने बताया पालिका का बंद पड़ा नाला व सड़क के गड्ढे यात्रियों व वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गए हैं। टैक्सी स्टैंड कीचड़ में तब्दील हो चुका है। उन्होंने बताया लंबे समय से वह लोग जल भराव की समस्या से जूझ रहे है पर प्रशासन के द्वारा अभी तक उन लोगों की समस्या का समाधान नहीं किया गया है। सड़क में बने गड्ढों में जमा पानी बरसात में लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है वाहनों के चलने से उड़ने वाले छीटे पैदल यात्रियों के कपड़ों को भीगो रहा है। टैक्सी चालको ने जिलाधिकारी चंपावत से सड़क के गड्ढे भरवाने, पालिका के बंदे पड़े नाले को खुलवाने तथा स्टैंड में इंटरलॉकिंग टाइल लगाने की मांग की है। वही मामला संज्ञान आने पर जिलाधिकारी चंपावत मनीष कुमार ने पालिका को बंद पड़े नाले को खुलवाने तथा एनएच के अधिकारियों को सड़क के गड्ढे भरने के निर्देश दिए हैं लोहाघाट पालिका के अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी ने बताया पालिका कर्मियों को भेज कर बंद पड़े नाले को खुलवाया जा रहा है।

## धर्मांतरण पर जीरो टॉलरेंसः नैनीताल पुलिस की सख्ती, आरोपी गिरफ्तार



**लालकुआँ।** उत्तराखंड में धर्मांतरण से जुड़े मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस ने एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर लालकुआँ कोतवाली में दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। फर्जी आईडी से संपर्क, फिर बनाया दबाव पुलिस के अनुसार, 29 अप्रैल को एक नाबालिग लड़की ने तहरीर देकर बताया कि करीब दो माह पहले इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी से उससे संपर्क किया गया। आरोपी ने बातचीत के दौरान उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और बाद में संपर्क बढ़ाया। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया और विरोध करने पर एआई तकनीक से अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी।

## मजदूर दिवस पर गरजे श्रमिक संगठन, श्रम कोड के खिलाफ उठी आवाज

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस (अंतरराष्टीय मजदूर दिवस) के अवसर पर हल्द्वानी के बुधपार्क में विभिन्न ट्रेड यूनियनों, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रमिकों और कार्यकर्ताओं ने भागीदारी कर अपने अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू), भाकपा माले, उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, जनवादी लोक मंच, भीम आर्मी, अखिल भारतीय किसान महासभा, उत्तराखंड परिवहन निगम संयुक्त परिषद सहित कई संगठनों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र की भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए श्रम कोडों की कड़ी आलोचना की। उनका कहना था कि ये श्रम संहिताएं मजदूरों के अधिकारों को कमजोर कर कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देती हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि आठ घंटे कार्यदिवस की व्यवस्था समाप्त की जा रही है और ठेका श्रम व गिग इकॉनमी के चलते मजदूरों का शोषण बढ़ा है। वक्ताओं ने देश के औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे मजदूर आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई और कम मजदूरी के कारण श्रमिक आंदोलन तेज हो रहे हैं। उन्होंने सरकार पर आंदोलनों को दबाने और श्रमिक नेताओं पर कार्रवाई करने का भी आरोप लगाया। सभा में मई दिवस के ऐतिहासिक महत्व को भी रेखांकित किया गया और 1886 के हेमार्केट शहीदों के संघर्ष को याद करते हुए मजदूर एकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज मजदूर, किसान और युवाओं के संयुक्त संघर्ष की आवश्यकता है। इस दौरान श्रमिक संगठनों ने कई मांगें भी उठाई, जिनमें श्रम कोड वापस लेने, न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने, 8 घंटे कार्यदिवस लागू करने, ठेका श्रमिकों को स्थायी करने और गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई की मांग प्रमुख रही। कार्यक्रम में के.के. बोरा, बहादुर सिंह जंगी, रजनी जोशी, मनोज पांडे, डॉ. कैलाश पांडेय, हेमा तिवारी, यतीश पंत, नफीस अहमद खान, दीपा आर्य, रीना आर्य, पार्षद रवि वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।